## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 11.05.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- भाजपा के स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चतरा के सिमरिया में आज सभा, इंडी गठबंधन के स्टार प्रचारक भी चुनाव प्रचार में बहा रहे पसीना, शाम में थम जाएगा चौथे चरण का प्रचार।
2- चौथे चरण के चुनाव के सिलसिले में मतदान कर्मियों के डिस्पैच की प्रक्रिया आज से शुरू, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान को लेकर आयोग के 72 घंटे का एसओपी भी प्रभावी।
3- जमशेदपुर स्थित जैप –6 परिसर में सागवान के सरकारी पेड़ काटे जाने पर पुलिस मुख्यालय गंभीर, एडीजी जैप को जांच का आदेश।
4- अपराध के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को सफलता, कोडरमा और गोड्डा से 10 अपराधकर्मी गिरफ्तार, पांच बाइक, 25 लाख रुपये नगद समेत भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद।

*****************

प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी आज झारखंड के दौरे पर आयेंगे। वे चतरा संसदीय क्षेत्र के सिमरिया स्थित मूरवे मैदान में एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री की रैली को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। सुरक्षा की कमान एसपीजी ने अपने हाथों में ले ली है। रैली में चतरा से एनडीए प्रत्याशी कालीचरण सिंह और हजारीबाग से एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल के अलावा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी भी मौजूद रहेंगे। सिमरिया में प्रधानमंत्री का कार्यक्रम चार बजकर पचास मिनट पर प्रस्तावित है।

*****************

इधर, असम के मुख्यमंत्री डा. हेमंता विश्वशर्मा भी आज झारखंड के दौरे पर हैं। वे आज खूंटी संसदीय सीट के तमाड़ स्थित रायडीह में भाजपा प्रत्याशी और केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के समर्थन में एक जनसभा करेंगे। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी और पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवीन्द्र राय समेत कई अन्य नेता मौजूद रहेंगे।

*****************

लोकसभा चुनाव को लेकर इंडी गठबंधन के नेताओं ने भी प्रचार पर अपनी पूरी ताकत झोंक रखी है। आज झामुमो की स्टार प्रचारक और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन पलामू में जनसभा करेंगी और राजद प्रत्याशी ममता भुइयां के पक्ष में लोगों से मतदान की अपील करेंगी। उनकी सभा चैनपुर के ओढ़नार में होगी। इधर, झामुमो के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन कल जमशेदपुर में दो चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

*****************

राज्य में छठे चरण में रांची, जमशेदपुर, धनबाद और गिरिडीह संसदीय सीट के लिए 25 मई को मतदान होगा। इन जगहों पर निष्पक्ष मतदान के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही है। इस सिलसिले में रांची में उम्मीदवारों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मौजूद सामान्य और व्यय प्रेक्षकों ने पार्टी प्रत्याशियों को आदर्श चुनाव आचार संहिता की बारीकियों से अवगत कराया।

*****************

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण मे झारखंड की चार सीटों पर 13 मई को होने वाले मतदान के सिलसिले में मतदान कर्मियों को डिस्पैच करने की प्रक्रिया आज शुरु हो गयी है। पलामू जिले में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने शशिरंजन ने आज स्वंय डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया और मतदानकर्मियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस बीच चुनाव आयोग द्वारा जारी 72 घंटे का एसओपी भी प्रभावी हो गया है।

*****************

देवघर में लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने की दिशा में लगातार प्रयास किया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

साउण्ड बाईट – आशीष कुमार अम्बष्टा, देवघर – 44 सेकेण्ड

*****************

लोहरदगा जिले के शहरी क्षेत्र में स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरुकता रैली निकाली गयी। इसमें बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया। इस दौरान नाटक मंचन और अन्य गतिविधियों के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

*****************

लोकसभा चुनाव में 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को चुनाव आयोग ने होम वोटिंग की सुविधा उपलब्ध करायी है। हजारीबाग जिले में आज 87 वर्षीय वृद्ध मतदाता रामचंद्र पाण्डे ने अपने घर पर मतदान किया। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय, अपर समाहर्ता संतोष सिंह और उप निर्वाचन पदाधिकारी मांदेव प्रिया भी मौजूद रहे।

*****************

राजमहल लोकसभा सीट के लिए अभी तक कुल 14 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे साहेबगंज संवाददाता–

साउण्ड बाईट – आनंद कुमार ओझा, साहेबगंज – 50 सेकेण्ड

*****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

*****************

जमशेदपुर स्थित जैप–6 परिसर में सरकारी पेड़ काटे जाने पर पुलिस मुख्यालय ने एडीजी जैप को मामले की जांच का आदेश दिया है। पूर्व में इस मामले आइआरबी–2 के कमांडेंट और जैप के डीआइजी की रिपोर्ट में यह बात सामने आयी है कि सागवान का पेड़ काटा गया था।

*****************

कोडरमा जिले में पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई कर पुलिस ने गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर जिले के तिलैया और अन्य थाना क्षेत्रों में हुई मोटरसाइकिल चोरी के काण्डों का उद्भेदन किया है। गिरफ्तार अपराधियों की निशानदेही पर 5 मोटरसाइकिल भी बरामद किए गए हैं।

*****************

उधर, गोड्डा जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर चलाये जा रहे छापेमारी अभियान में पुलिस ने पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही करीब 25 लाख रुपये, के 11 किलोग्राम से ज्यादा गांजा और भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गयी हैं।

*****************

सरायकेला–खरसावां स्थित सदर अस्पताल का केंद्रीय रेपिड असेसमेंट टीम ने निरीक्षण किया और राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक की जांच की। टीम में शामिल डॉ. आनंदी बिष्ट ने सदर अस्पताल के सभी विभागों के प्रभारियों के साथ सिविल सर्जन कार्यालय में बैठक कर सदर अस्पताल में मरीजों के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली।

*****************

रांची स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आज मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान हजारीबाग के स्थानीय नेता और समाजसेवी शिवलाल महतो के नेतृत्व मे कई लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पार्टी का पट्टा ओढ़ाकर इन्हें भाजपा की सदस्यता दिलायी।

******समाप्त***********